बिज़नेस भास्कर
Business Standard और TheEconomist की खबरों के साथ
पानीपत, गुरुवार 1 अक्टूबर, 2026 | 5

ग्लोबल शिफ्ट • महंगाई से संपत्ति बचाने, नुकसान से बचाव और बिजनेस-लाइफस्टाइल में विविधता लाने के लिए विदेश में बसना पसंद कर रहे ज्यादातर अमीर

74% भारतीय उद्यमी विदेश में रहने की योजना बना रहे, यह वैश्विक औसत 70% से भी ज्यादा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

भारतीय उद्यमियों की सोच बदल रही है। एचएसबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 74% अमीर कारोबारी विदेश में बसने या वहां दूसरा ठिकाना (अतिरिक्त रेजिडेंसी) बनाने की योजना बना रहे हैं। यह वैश्विक औसत 70% से भी अधिक है। कारोबार और लाइफस्टाइल में वैश्विक विविधता (35%) लाना इसकी मुख्य वजह बताई गई है। 47% उद्यमी महंगाई से बचाव और 43% संपत्ति की सुरक्षा के लिए दूसरे देश जा रहे हैं। विदेश में बसने के लिए इनकी पहली पसंद सिंगापुर है, जिसके बाद यूरोप के देशों और अमेरिका का नंबर आता है।

नई सोच: आधे से ज्यादा भारतीय बिजनेसमैन टर्नओवर का 30 फीसदी तक हिस्सा 1 साल में एआई पर खर्च करने की तैयारी में

पसंद • 14% कारोबारियों की पहली पसंद सिंगापुर



सिंगापुर: 14%
फ्रांस: 11%
ब्रिटेन: 11%
अमेरिका: 11%

99% भारतीय उद्यमी एआई के मुताबिक अपने बिजनेस मॉडल में बदलाव कर रहे हैं। (वैश्विक औसत 95%)

65% कारोबारी एआई के प्रभाव से निपटने की तैयारी पहले ही कर चुके हैं। (वैश्विक औसत 60%)

54% की टर्नओवर का 11-30% हिस्सा 1 साल में एआई पर खर्च करने की योजना है। (वैश्विक औसत 61%)

54% कारोबारियों को एआई पर 'बहुत अधिक' भरोसा है। यह बड़ा बदलाव है। (वैश्विक औसत 46%)

रोजगार • एआई से बढ़ेंगी नौकरियां... भारत के 45% उद्यमियों का मानना है कि एआई आने से अगले दो साल में नौकरियों के अवसर बढ़ेंगे। सिर्फ 25% को लगता है कि इससे नौकरियां कम हो सकती हैं।

फायदे • एआई बाजार में ग्रोथ का साधन
46% कारोबारियों को लगता है कि एआई से प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलेगी।
42% मानते हैं कि इससे नए बाजार और नए बिजनेस अवसरों की पहचान होगी।
39% का मानना है कि इससे उत्पादकता बढ़ेगी और मुनाफा बेहतर होगा।

चिंताएं • डेटा सिक्युरिटी बड़ी चुनौती... एआई लागू करने में डेटा प्राइवेसी और सिक्युरिटी जोखिम (44%), नौकरी जाने के डर से कर्मचारियों का विरोध (38%) और पुराने सिस्टम में बिना रुकावट एआई जोड़ना (35%) सबसे बड़ी चिंताएं हैं।

निवेश • पहली पसंद बना सोना और कैश... भारतीय कारोबारी अपने पैसों को सुरक्षित रखने और बढ़ाने के लिए अलग-अलग जगह निवेश कर रहे हैं।



उम्मीद • 97% अमीरों को संपत्ति बढ़ने का भरोसा
देश के 97% उद्यमियों को भरोसा है कि आने वाले समय में उनकी संपत्ति बढ़ेगी। (2025 में 95% था, वैश्विक औसत 90%)
इनमें से 51% को संपत्ति में भारी बढ़ोतरी की उम्मीद है। (वैश्विक स्तर पर यह उम्मीद 44%)
97% उद्यमी अपने मौजूदा बिजनेस को लेकर भी बेहद पॉजिटिव नजरिया रखते हैं। (वैश्विक औसत 95%)

सुरक्षा • मौजूदा संपत्ति बचाने पर फोकस बढ़ा
अपनी मौजूदा संपत्ति की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कारोबारियों का ध्यान तीन मुख्य चीजों पर है:
47% का मकसद वित्तीय संपत्ति को महंगाई से बचाना है।
43% लोग संपत्ति को नुकसान या घाटे से सुरक्षित रखना चाहते हैं।
35% वैश्विक स्तर पर निवेश में विविधता लाना चाहते हैं।

चुनौती • पारदर्शिता और लिक्विडिटी की कमी
अल्टरनेटिव एसेट्स में निवेश को लेकर कारोबारियों की मुख्य चिंताएं हैं:
39% को एसेट्स के वैल्यूएशन में पारदर्शिता की कमी खलती है।
38% ज्यादा मैनेजमेंट फीस और लागत से चिंतित हैं।
36% को बाजार गिरने का डर है।
36% सीमित लिक्विडिटी (नकदी की कमी) को चुनौती मानते हैं।

लंबी अवधि में एआई से बिजनेस ग्रोथ की संभावना
भारतीय उद्यमी बड़ी महत्वाकांक्षा के साथ एआई अपना रहे हैं। वे इसकी क्षमता को समझते हैं और एआई पर भरोसे व वैश्विक सोच के बल पर टेक्नोलॉजी को लंबी अवधि की ग्रोथ में बदलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।
-संदीप बत्रा, हेड (इंटरनेशनल वेल्थ एंड प्रीमियर बैंकिंग), एचएसबीसी इंडिया

आपत्ति • श्रीनिवासन ने सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के कामकाज की जांच की मांग उठाई

टाटा संस: अंदरूनी तनातनी बढ़ी; नोएल के खिलाफ जांच, लिस्टिंग पर टकराव

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 66 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट की अंदरूनी लड़ाई अब महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर तक पहुंच गई है। ट्रस्टी वेणु श्रीनिवासन ने एक अहम ट्रस्ट और चेयरमैन नोएल टाटा के खिलाफ जांच की मांग की है।

श्रीनिवासन ने सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) के कामकाज की तुरंत जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि ट्रस्ट टाटा संस के कारोबारी फैसलों में सीधा दखल दे रहा है। यह चैरिटी के उद्देश्य से मेल नहीं खाता और ट्रस्ट की टैक्स छूट व फंड को जोखिम में डाल सकता है। उन्होंने नोएल के स्थायी ट्रस्टी होने और चेयरमैन बनने के आधार पर भी सवाल उठाए हैं। उधर एसडीटीटी चैरिटी कमिश्नर के पास कैविएट (यानी उसका पक्ष सुने बिना आदेश न देने की अर्जी) दाखिल करने जा रहा है। टाटा संस की सालाना आम बैठक (एजीएम) साल के अंत तक होनी है, इसलिए यह टकराव और अहम हो गया है।

श्रीनिवासन की चैरिटी कमिश्नर से चार प्रमुख मांगें और आपत्तियां

1. ट्रस्टियों के निलंबन या हटाने तक की कार्रवाई
2. टाटा संस के नॉमिनी से जुड़े फैसलों में नोएल की भागीदारी और वोटिंग पर रोक
3. नोएल के बेटे नेविल की नियुक्ति पर आपत्ति
4. जांच पूरी होने तक सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए

सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के बोर्ड का मौजूदा गणित

नोएल टाटा, नेविल टाटा, दरियस खंबाटा, भास्कर भट
वेणु श्रीनिवासन, विजय सिंह

नोएल को उम्मीद
रिजर्व बैंक की लिस्टिंग पर नए सिरे से विचार करेगा

टाटा ट्रस्ट की अंदरूनी जंग दो नियामकों के पाले में है। नोएल टाटा रिजर्व बैंक को टाटा संस की लिस्टिंग पर मनाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर ट्रस्टों की भूमिका परख रहे हैं। ट्रस्ट ने दो अनलिस्टेड कंपनियों को टाटा संस में मिलाने का प्रस्ताव दिया है। इससे यह लिस्टिंग से बच सकती है। इस बीच नोएल ने उम्मीद जताई कि आरबीआई उनका पक्ष दोबारा सुनेगा।

अहम सवाल
क्या कंपनी का बोर्ड नोएल टाटा का प्रस्ताव मान लेगा?

प्रस्ताव की एक कॉपी आरबीआई को भेजी गई है। इसे पहले टाटा संस के बोर्ड से पास होना है, जो चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति पर ट्रस्ट से भिड़ा है। बोर्ड आरबीआई के लिस्टिंग वाले निर्देश का समर्थन कर चुका है। हालांकि नोएल ने आरबीआई की मंजूरी के सवाल पर कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बोर्ड जरूरी बदलाव करके नियामक से बात करेगा।

आगे क्या
मामले पर चैरिटी कमिश्नर की नजर, अभी दो पड़ताल

16 सितंबर का पत्र: यह एसडीटीटी का सर्कुलर प्रस्ताव था, जिसे नोएल ने मंजूरी दी थी। इसका मकसद श्रीनिवासन को टाटा संस के बोर्ड की चर्चा से दूर रखना था। चैरिटी कमिश्नर का दफ्तर देख रहा है कि परोपकारी संस्था का ऐसा पत्र यदि कारोबारी फैसले को प्रभावित करे, तो क्या यह नियम के खिलाफ है।

निफ्टी में गिरावट का 25 साल का सबसे लंबा दौर

मुंबई | निफ्टी लगातार आठवें हफ्ते गिरावट की दहलीज पर है। यदि वाकई ऐसा हुआ तो 2001 के बाद यानी 25 साल में गिरावट का सबसे लंबा दौर होगा। पर सात हफ्तों में नुकसान 5.8% तक सीमित रहा है। बुधवार को सेंसेक्स 49 अंक गिरकर 72,480 पर और निफ्टी 96 अंकों की गिरावट के साथ 22,620 पर बंद हुआ। 25 सितंबर को खत्म हफ्ते में निफ्टी 23,140.5 पर बंद हुआ था। विदेशी निवेशकों की बिकवाली, कच्चे तेल की कीमतें 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचना और अमेरिका में बॉन्ड यील्ड (कमाई) 5% से ऊपर जाना इन दिनों शेयर बाजार पर दबाव डाल रहे हैं।

बिजनेस प्लस

किसना के साथ खरीदारी पर 576 स्कूटी और 247 कारें जीतने का मौका

मुंबई | हरी कृष्णा ग्रुप के ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने लगातार तीसरे वर्ष अपने लोकप्रिय 'Shop Sparkle Win Campaign' की शुरुआत की है। देशभर के 218 शहरों में चल रहे इस अभियान के तहत ग्राहकों को ज्वेलरी खरीदारी के साथ 576 स्कूटी और 247 शानदार कारें जीतने का अवसर मिल रहा है। अभियान के तहत 25,000 या उससे अधिक की डायमंड ज्वेलरी अथवा 75,000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी खरीदने वाले ग्राहक, लागू नियम एवं शर्तों के अनुसार, लकी ड्रॉ में शामिल हो सकते हैं। देशभर के कई किसना स्टोर्स पर लकी ड्रॉ की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पहले चरण में 288 ग्राहकों को स्कूटी, जबकि अक्टूबर 2026 के अंतिम सप्ताह में 288 और ग्राहकों को स्कूटी जीतने का अवसर मिलेगा। इसके बाद दिसंबर 2026 के पहले सप्ताह में आयोजित होने वाले मेगा लकी ड्रॉ में 247 ग्राहकों को शानदार कारें जीतने का मौका मिलेगा।

सार्वजनिक सूचना
संपदा अधिकारी, एचएसवीपी सोनीपत के समक्ष
विषय: आबंटी श्रीमती कान्ता देवी की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति दुकान नं० 33, सैक्टर-12, पार्ट-III, सोनीपत का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।
रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति के आबंटी श्रीमती कान्ता देवी की 28-02-2019 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.धर्म पाल (पति) 2.नवनीत वर्मा (पुत्र) 3.पुनीत (पुत्र) 4.कविता (पुत्री)।
नवनीत वर्मा व पुनीत दोनों पुत्र धर्म पाल दोनों निवासी #1595, सैक्टर-14, HBC, गांधी चौक, सोनीपत (हरियाणा) ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट नवनीत वर्मा व पुनीत के नाम में करने की विनती की है।
यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP सोनीपत के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।
नवनीत वर्मा, पुनीत
कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से

पंजाब नैशनल बैंक (pnb) (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) ...जिस नाम पर आप भरोसा कर सकते हैं!
ई-नीलामी सूचना
कॉर्पोरेट ऑफिस: प्लॉट नंबर 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली-110075
एसेट रिकवरी मैनेजमेंट ब्रांच, SCO: 21, 22, पहली मंज़िल, सेक्टर 12, करनाल ईमेल: cs8260@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना
ई-नीलामी की तारीख और समय: 27.10.2026 (मंगलवार) सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी सूचना।
इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (यों) एवं गारंटर (यों) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक /भारित है, जिसका रचनात्मक / भौतिक / प्रतीकात्मक कब्ज़ा/ सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उससे संबंधित ऋणी(यों) एवं गारंटर (रों) से बैंक / सुरक्षित लेनदार को देय राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को "जैसा है जहां है", जैसी है जो है तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। ऋणी(यों) एवं गारंटर (रों) से बैंक/सुरक्षित लेनदार का बकाया वसूला जा सके। आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका के अनुसार उल्लिखित होगी।

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

शाखा का नाम उधारकर्ता/गारंटर, खाते का नाम एवं पता	अचल संपत्तियों का विवरण (गिरवी रखी गई / मालिक का नाम) (संपत्ति(यों) के गिरवी रखने वाले)	ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग अधिसूचना की तिथि बी) इस तिथि तक बकाया राशि सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तिथि डी) कब्जे की प्रकृति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक	ए) आरक्षित मूल्य बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तारीख एवं समय
1. शाखा - एआरएमबी, करनाल उधारकर्ता: मेसर्स गुरदेव सिंह एंड संस (इसके प्रोप. गुरदेव सिंह पुत्र श्री शीशा सिंह, शॉप नंबर 60, अनाज मंडी निसिंग, डिस्ट्रिक्ट करनाल - 132024 के जरिए) श्री गुरदेव सिंह पुत्र श्री शीशा सिंह निवासी वीपीओ दुराना, तहसील अलेवा, जिला जींद, हरियाणा-126111, गारंटर: श्री गुरदेव सिंह पुत्र श्री शीशा सिंह निवासी बुड्ढा कॉलोनी, वीर सिंह कॉलोनी के पास और रोशन फ्रूट वाला के पास, गोंदर बाईपास, निसिंग, करनाल - 132024.	वीर सिंह कॉलोनी, निसिंग, जिला करनाल - 132024 के पास स्थित 42 कनाल-10 मरला ज़मीन में से 7/850 हिस्से (यानी 07 मरला) पर बना रिहायशी मकान। यह मकान श्री गुरदेव सिंह पुत्रश्री शीशा सिंह के नाम पर है और इसे टाइटल डीड नंबर 676 दिनांक 16.06.2006 के ज़रिए हासिल किया गया था, जो सब-रजिस्ट्रार निसिंग के यहाँ रजिस्टर्ड है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर: रोशन लाल का मकान, दक्षिण: गली, पूर्व: किरण पाल का मकान, पश्चिम: गुरदेव सिंह का प्लॉट। **भार का विवरण: बैंक को किसी अन्य भार की जानकारी नहीं है।**	ए) 13(2) 03.08.2018 बी) रु. 37,42,021.79/- साथ ही 01.08.2018 से तय दर पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य खर्च, जिसमें से अगर कोई रिकवरी हुई हो तो उसे घटा दिया जाएगा, सी) 10.06.2019 डी) भौतिक कब्ज़ा	A) रु. 19,78,000.00 B) रु. 1,97,800.00 C) रु. 10,000.00	27.10.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक
2. शाखा - एआरएमबी, करनाल उधारकर्ता: मैसर्स मधु ट्रेडिंग कंपनी (इसके मालिक श्री संजीव कुमार गुप्ता के माध्यम से, हनुमान गेट, शांति कॉलोनी, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135001 मेसर्स मधु ट्रेडिंग कंपनी अपने मालिकों के माध्यम से श्री संजीव कुमार, छत्ता बाजार, जगाधरी, जिला। यमुनानगर, हरियाणा - 135001 श्री संजीव कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री मदन लाल गुप्ता (श्री मदन लाल गुप्ता के समर्थक और कानूनी उत्तराधिकारी) निवासी मकान नं. 1082, वार्ड नं. 11, डग्गन स्ट्रीट, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135001 श्रीमती बिमला देवी पत्नी स्वर्गीय श्री मदन लाल गुप्ता (श्री मदन लाल गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी) निवासी मकान नं. 1082, वार्ड नं. 11, डग्गन स्ट्रीट, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135001 श्री सुधीर कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री मदन लाल गुप्ता (श्री मदन लाल गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी) निवासी मकान नं. 201, दूसरी मंजिल, एसके टॉवर, नेल्सन स्क्वायर, छिंदवाड़ा रोड, नागपुर, महाराष्ट्र -440013, श्रीमती मधु बंसल पत्नी श्री गिरदारी लाल, (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी पुत्री) निवासी मैसर्स विद्या सागर एंड संस करियाना मर्चेंट, डाकघर सुबाथू, जिला सोलन HP-173206 श्रीमती इंदु गुप्ता पत्नी श्री दवेन्दर गुप्ता (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी पुत्री) पुत्री मैसर्स विद्या सागर एंड संस करियाना मर्चेंट, डाकघर सुबाथू, जिला सोलन HP -173206 श्रीमती सुमन गुप्ता पत्नी श्री लखन लाल (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी पुत्री) निवासी मकान नं. डी130, सूरजमल विहार, आनंद विहार के पास, नई दिल्ली - 110092, श्रीमती विजय गुप्ता पत्नी श्री महावीर प्रसाद (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी बेटी) निवासी कोठी नंबर 7323, सैनी विहार, फ़ेज़ 2, पीओ बाल्टाना, ज़िला SAS नगर, (पंजाब) - 140604 श्रीमती पूनम गुप्ता, पत्नी यशबीर बंसल (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी/बेटी), निवासी मकान नंबर 1004, सेक्टर 8, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अंबाला सिटी, अंबाला (हरियाणा) - 134003	रिहायशी मकान नंबर सी-4/1082 प्रॉपर्टी ID नंबर 126C81U215 और नई प्रॉपर्टी ID नंबर 1KTCQ338 का दक्षिणी हिस्सा, जिसका माप 166 वर्ग गज है और जो डागन स्ट्रीट, जगाधरी यमुनानगर-जगाधरी म्युनिसिपल लिमिट्स, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में स्थित है। यह प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड सेल डीड नंबर 972 तारीख 09.04.1959, रजिस्ट्रेशन तारीख 25.01.1960 के तहत श्री मदन लाल पुत्र करेशन चंद के नाम पर थी, जिसके कानूनी वारिसों का रजिस्ट्रेशन सब-रजिस्ट्रार, जगाधरी के पास विधिवत रूप से किया गया है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर – 45'/श्रीमती मीना रानी की संपत्ति का हिस्सा, दक्षिण – 45'/श्री अनिल की संपत्ति, पूर्व – 33'3" जैन मंदिर आदि, पश्चिम – 33'3"/श्रीमती अनीता गोयल की संपत्ति। **भार का विवरण: बैंक को किसी अन्य भार की जानकारी नहीं है।**	ए) 13(2) 15.03.2019 बी) रु. 65,06,715.60, साथ ही 01.03.2018 से तय दर पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य खर्च (अगर कोई रिकवरी हुई हो तो उसे घटाकर) सी) 16.07.2019 डी) सांकेतिक कब्ज़ा	A) रु. 16,14,000.00 B) रु. 1,61,400.00 C) रु. 10,000.00	27.10.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक
3. शाखा - एआरएमबी, करनाल उधारकर्ता: 1. मैसर्स पैराडाइज प्रिंट पैक (पार्टनरशिप फर्म), गांव बदनपुरी, तहसील रादौर जिला। यमुनानगर (हरियाणा) - 135002 साझेदारों के माध्यम से 1. श्री राकेश कुमार पुत्र श्री राजिंदर कुमार, 2. श्री मनोज सिंह पुत्र श्री अंगद सिंह, 3. श्री सुखदेव सिंह पुत्र श्री नाथी राम 2. श्री राकेश कुमार पुत्र श्री राजिंदर कुमार (मैसर्स पैराडाइज प्रिंट पैक में पार्टनर सह गारंटर) मकान नंबर 61, गोकलगढ़ (76), अंबाला, हरियाणा-133203 3. श्री मनोज सिंह पुत्र श्री अंगद सिंह, (मैसर्स पैराडाइज प्रिंट पैक में पार्टनर सह गारंटर) मकान नं. 811, वार्ड नं. 20, राम नगर, जगाधरी, यमुनानगर, हरियाणा - 135002 4. श्री सुखदेव सिंह पुत्र श्री नाथी राम, (मैसर्स पैराडाइज प्रिंट पैक में पार्टनर सह गारंटर) ग्राम बदनपुरी, पीओ हाफिजपुर, यमुनानगर - 135002	मैसर्स पैराडाइज प्रिंट पैक की मालिकाना हक वाली वह पूरी प्रॉपर्टी, जिसमें उस पर बना फ़ैक्ट्री का निर्माण और सुपरस्ट्रक्चर (03K-00M) शामिल है, जो खेवट नंबर 50मिन//49, खतौनी नंबर 65मिन, खसरा नंबर 11//22/2/2(3-0) में आती है और गाँव बदनपुरी, एच.बी. नंबर 481, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर में स्थित है। यह प्रॉपर्टी सेल डीड नंबर 1689 तारीख 28.09.2022 के ज़रिए खरीदी गई थी, जो सब/जॉइंट रजिस्ट्रार, रादौर के ऑफ़िस में विधिवत रजिस्टर्ड है और साथ ही म्यूटेशन नंबर 288 और साल 2020-2021 की जमाबंदी में दर्ज है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर: खेती की ज़मीन, दक्षिण: खेती की ज़मीन, पूर्व: गाँव की सड़क, पश्चिम: खेती की ज़मीन।	ए) 13(2) 07.03.2026 बी) 28.02.2026 तक रु. 2,96,92,556.04, साथ ही 01.03.2026 से आगे का ब्याज, और अन्य खर्च; इसमें से वसूली (यदि कोई हो) घटा दी जाएगी सी) 14.05.2026 डी) सांकेतिक कब्ज़ा	A) रु. 1,47,25,000.00 B) रु. 14,72,500.00 C) रु. 1,00,000.00	27.10.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक
	मशीनरी का विवरण: कोरुगेटेड बॉक्स आदि बनाने वाली मशीनरी, जो गाँव बदनपुरी, HB नंबर 481, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर में मैसर्स पैराडाइज प्रिंट पैक के परिसर में लगी हुई है। **नोट: IP (फ़ैक्ट्री की ज़मीन और बिल्डिंग) को उपलब्ध मशीनरी आदि के साथ संयुक्त रूप से बेचा जाएगा।**		A) रु. 1,43,56,000.00 B) रु. 14,35,600.00 C) रु. 1,00,000.00	27.10.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

नोट : संपर्क व्यक्ति : पंजाब नेशनल बैंक, अधिकृत अधिकारी : श्री दीपक कुमार, मोबाइल : 7769988880, एआरएमबी, करनाल

नियम और शर्तें: यह बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में बताए गए नियमों और शर्तों और नीचे दी गई अन्य शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्ति "जैसी है जहाँ है" और "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जा रही हैं। 2. ऊपर दी गई अनुसूची में बताई गई सुरक्षित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी की जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन इस घोषणा में किसी भी गलती, गलत बयान या जानकारी छूट जाने के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे। 3. नीलामी बिक्री ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से "ऑनलाइन" होगी। 4. बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और https://pnb.bank.in देखें। 5. खरीदार घोषित किए गए व्यक्ति को घोषणा के तुरंत बाद खरीद राशि का बीस प्रतिशत जमा करना होगा। ऐसा न करने पर, प्रॉपर्टी को तुरंत दोबारा नीलामी के लिए रखा जाएगा और फिर से बेचा जाएगा।

सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना
उधार लेने वाले/गारंटर को सूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तारीख से पहले ऊपर बताई गई रकम, साथ ही अब तक का ब्याज और अन्य खर्चों का भुगतान करें। ऐसा न करने पर प्रॉपर्टी की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और अगर कोई बकाया रकम बचती है, तो उसे ब्याज और खर्चों सहित वसूल किया जाएगा।

स्थान : करनाल | दिनांक : 30.09.2026 | प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

राजकीय प्राथमिक पाठशाला, अमीपुर अम्बाला
नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला अम्बाला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला अमीपुर में दिनांक 05/10/2026 दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे तीन कण्डम कमरों व उनके आगे बरामदे की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी। शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
आदेशानुसार
विद्यालय प्रभारी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति
अमीपुर अम्बाला-I

राजकीय प्राथमिक पाठशाला, जनसुआ अम्बाला
नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला अम्बाला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला जनसुआ में दिनांक 03/10/2026 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे दो कण्डम कमरों व उनके आगे बरामदे की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी। शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
आदेशानुसार
विद्यालय प्रभारी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति
जनसुआ अम्बाला-I

GURU NANAK DEV UNIVERSITY, AMRITSAR
Advertisement No. 13/2026
Online applications are invited for the various Teaching and Non Teaching posts in the University, Online registration of application for these posts will start w.e.f. 01.10.2026 and end on 21.10.2026. Last Date for submitting Hard Copy of the Online submitted application is 02.11.2026.
For further details visit University Website: http://www.gndu.ac.in.
Amritsar
30.09.2026
REGISTRAR

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र
क्र.248/न.पा.नि./यो.प्र./2026-27 दिनांक 29/09/2026
नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा NIT क्र.21/न.पा.नि./यो.प्र./2026-27, दिनांक 22/09/2026 की ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना में पात्र ठेकेदार की श्रेणी त्रुटिवश ''सी'' प्रकाशित हो गई है एवं अनुमानित लागत राशि रु. 250.00 लाख अंकित है। उक्त निविदा में जहाँ कहीं ''सी'' श्रेणी अंकित/प्रकाशित है, उसके स्थान पर ''बी'' श्रेणी तथा अनुमानित लागत राशि रु. 250.00 लाख के स्थान पर रु. 247.13 लाख पढ़ी एवं मानी जावे। निविदा की शेष समस्त शर्तें, सिस्टम टेंडर नंबर, कार्य का नाम एवं निविदा की अंतिम तिथि यथावत रहेंगी। उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
Green City, Clean City, Dream City. नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 5.10.2026 दिन सोमवार को सुबह 10:00 बजे राजकीय प्राथमिक विद्यालय कलरहेडी (10145) अंबाला-II अंबाला में चार कमरों की नीलामी विद्यालय के प्रांगण में होनी सुनिश्चित हुई है। शर्तें मौके पर बताई जाएगी
एसएमसी जीपीएस कलरहेडी (10145)
अम्बाला-II, अम्बाला

राजकीय प्राथमिक पाठशाला, अमीपुर अम्बाला
नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला अम्बाला के राजकीय प्राथमिक पाठशाला अमीपुर में दिनांक 05/10/2026 दिन सोमवार को प्रातः 10 बजे तीन कण्डम कमरों व उनके आगे बरामदे की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी। शेष शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
आदेशानुसार
विद्यालय प्रभारी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति
अमीपुर अम्बाला-I

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Pooja Singla Additional Principal Judge, Family Court, Panipat
Rinku
Vs.
General Public
CIS NO. GW/96/2026
CNR No. HRPP01-007306-2026
Next Date:- 28-10-2026
PUBLICATION ISSUED TO: General Public
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 28-10-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Panipat.
Additional Principal Judge, Family Court, Panipat
Dated, this day of 28-09-2026

GOVT. OF BIHAR
BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar
Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/10 Dated 30.09.2026
Notice for Round-3 Online Application & Choice Filling
Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Round-3 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/01 & 2026/02 Dated 07.08.2026, 2026/05 Dated 11.09.2026, 2026/07 Dated 15.09.2026 and 2026/08 Dated 17.09.2026 and are not admitted in any Medical / Dental Colleges of India, for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges and B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. courses in Govt. Veterinary / Fisheries Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC-2026 prepared on the basis of AIR of NEET(UG)-2026 on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2026 Online Round-2 Counselling held from 27.09.2026 to 29.09.2026.
2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Round-2 Counselling is available on Board's website: bceceboard.bihar.gov.in . If any further vacancies due to resignation etc. arise, the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.
3. The online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data / Editing of Choices will start from 03.10.2026.
4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the Prospectus of UGMAC-2026 and the related Advertisement No.-BCECEB(UGMAC)-2026/09 dated 30.09.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.
Controller of Examination